This Question Paper consists of 30 questions and 12 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 30 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Code No. कोड नं० **56/HIS/2**

Set/सेट **A**

BUSINESS STUDIES

व्यावसायिक अध्ययन

(319)

Day and Date of Examination .....

(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 56/HIS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र पुस्तिका का कोड नं० 56/HIS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

BUSINESS STUDIES

व्यावसायिक अध्ययन

(319)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) *All* questions are compulsory. There is no overall choice, however, alternative choices are given in some questions. In such questions, you have to attempt only one choice.

(ii) Marks allotted are indicated against each question.

(iii) Each question from Question Nos. **1** to **10** has four alternatives—(A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

निर्देश : (i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें। पूर्ण प्रश्न-पत्र में विकल्प नहीं है, फिर भी कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं। ऐसे सभी प्रश्नों में आपको एक ही विकल्प का उत्तर देना है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प—(A), (B), (C) और (D) दिए गए हैं, जिनमें एक सही है। चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें। बहु-विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

1. The process of identifying and grouping the work to be performed and defining and determining the responsibility and authority for each job position is

(A) planning
(B) organizing
(C) controlling
(D) coordination 1

किए जाने वाले कार्यों की पहचान और उनका वर्गीकरण तथा प्रत्येक पद के अधिकार एवं दायित्व को परिभाषित एवं निर्धारित करने की प्रक्रिया है

(A) नियोजन
(B) संगठन
(C) नियुक्तिकरण
(D) समन्वयन

2. Which general principle of management implies encouraging initiative among its personnel for chalking out and execution of a plan to achieve the desired results? 1

(A) Order

(B) Equity

(C) Initiative

(D) Esprit de corps

सामान्य प्रबंध के किस सिद्धांत के अनुसार योजना से वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि योजना को तैयार करने व लागू करने के लिए कर्मचारियों में पहल क्षमता जागृत की जाए?

(A) समुचित व्यवस्था

(B) समता

(C) पहल करने की क्षमता

(D) सहयोग की भावना

3. When the receiver and sender of message do not trust each other, it may result into the type of barrier to effective communication, which is

(A) psychological

(B) semantic

(C) organizational

(D) personal 1

यदि सूचना को प्राप्त करने वाला तथा भेजने वाला एक-दूसरे को विश्वास नहीं करे, तो इससे प्रभावी संप्रेषण की जो बाधा उत्पन्न हो सकती है, वह है

(A) दृष्टिकोणात्मक

(B) भाषागत

(C) संगठनात्मक

(D) व्यक्तिगत

4. Creating accountability is a step in the process of

(A) organizing

(B) delegation

(C) decentralization

(D) planning 1

जवाबदेही निर्धारित करना किस प्रक्रिया का एक चरण है?

(A) संगठन

(B) अंतरण

(C) विकेन्द्रीकरण

(D) नियोजन

5. The full form of IIBI is

(A) International Investment Bank of India

(B) Industrial Investment Bank of India

(C) Indian Investment Bank for Industries

(D) None of the above 1

आइ०आइ०बी०आइ० का विस्तृत रूप है

(A) इंटरनेशनल इंवेस्टमेंट बैंक ऑफ इण्डिया

(B) इंडस्ट्रीयल इंवेस्टमेंट बैंक ऑफ इण्डिया

(C) इण्डियन इंवेस्टमेंट बैंक फॉर इंडस्ट्रीज़

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

6. The maturity period of 'certificate of deposit' ranges from

(A) 15 days to 60 days

(B) 45 days to one year

(C) 91 days to one year

(D) 91 days to 180 days 1

'जमा प्रमाण-पत्र' की परिपक्वता होती है

(A) 15 दिनों से 60 दिनों तक

(B) 45 दिनों से एक वर्ष तक

(C) 91 दिनों से एक वर्ष तक

(D) 91 दिनों से 180 दिनों तक

7. When a cooler is being offered at a discounted price to customers during the winter season, then the sales promotion tool being used is

(A) price off

(B) bonus offer

(C) discount coupon

(D) money refund offer 1

शीत ऋतु में जब एक कूलर को घटे हुए मूल्यों पर विक्रय के लिए प्रस्तावित किया जाता है, तो वह विक्रय प्रवर्तन का साधन कहलाता है

(A) मूल्य में कटौती

(B) बोनस प्रस्ताव

(C) छूट के कूपन

(D) कीमत-वापसी प्रस्ताव

8. The most suitable channel of distribution for distributing milk will be

(A) three-stage channel of distribution

(B) two-stage channel of distribution

(C) one-stage channel of distribution

(D) zero-stage channel of distribution 1

दूध के वितरण के लिए सबसे उपयुक्त वितरण माध्यम होगा

(A) तीन-स्तरीय वितरण माध्यम

(B) दो-स्तरीय वितरण माध्यम

(C) एक-स्तरीय वितरण माध्यम

(D) शून्य-स्तरीय वितरण माध्यम

9. The document prepared by the master of the ship acknowledging the receipt of goods is called

(A) Mate's receipt

(B) bill of lading

(C) dock challan

(D) entry bill 1

वह प्रलेख, जिसे जहाज का कप्तान तैयार करता है तथा जिसमें माल की प्राप्ति की स्वीकृति होती है, कहलाता है

(A) कारिन्दे की रसीद

(B) जहाजी बिल्टी

(C) गोदी चालान

(D) प्रवेश बिल

10. In which consumer court the complaint can be filed when the compensation claimed is ₹ 18 lakhs? 1

(A) State Commission

(B) District Forum

(C) National Commission

(D) Any of the above consumer court

यदि दावा की गई हरजाने की राशि ₹ 18 लाख है, तो किस उपभोक्ता न्यायालय में शिकायत की जा सकती है?

(A) राज्य आयोग

(B) जिला फोरम

(C) राष्ट्रीय आयोग

(D) उपरोक्त में से कोई भी उपभोक्ता न्यायालय

11. How is management 'a social process' and 'an integrating process'? Explain briefly. 3

प्रबंध 'एक सामाजिक प्रक्रिया' तथा 'एक परस्पर जोड़नेवाली प्रक्रिया' कैसे है? संक्षेप में समझाइए।

12. State any *three* characteristics of controlling function of management. 3

प्रबंध के नियन्त्रण कार्य की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

13. What is meant by bank overdraft? 3

बैंक अधिविकर्ष का क्या अर्थ है?

14. Explain any *three* points of difference between marketing and selling. 3

विपणन तथा विक्रय में अन्तर के किन्हीं **तीन** बिन्दुओं को समझाइए।

15. Explain a 'documentary bill' as a document used in external trade. 3

बाह्य व्यापार में प्रयोग किए जाने वाले दस्तावेज़ के रूप में 'दस्तावेजी बिल' को समझाइए।

16. Briefly explain the nature of principles of management. 4

प्रबंध के सिद्धांतों की प्रकृति को संक्षेप में समझाइए।

17. Explain briefly any *four* limitations of planning function of management. 4

प्रबंध के नियोजन कार्य की किन्हीं **चार** सीमाओं को संक्षेप में समझाइए।

18. Briefly explain any *two* factors that determine the capital structure of a company. 4

एक कम्पनी के पूँजी ढाँचे को निर्धारित करने वाले किन्हीं **दो** कारकों को संक्षेप में समझाइए।

19. Briefly explain any *four* factors that are taken into consideration while fixing the price of a product. 4

किसी उत्पाद का मूल्य निर्धारण करते समय ध्यान में रखे जाने वाले किन्हीं **चार** कारकों को संक्षेप में समझाइए।

20. Briefly explain the following consumer rights as per the Consumer Protection Act, 1986 : 4

(a) Right to Safety

(b) Right to be Informed

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अनुसार उपभोक्ता के निम्न अधिकारों का संक्षेप में वर्णन कीजिए :

(क) सुरक्षा का अधिकार

(ख) सूचना पाने का अधिकार

21. Is management a profession? Discuss. 5

क्या प्रबंध एक पेशा है? विवेचना कीजिए।

22. Briefly explain the steps of the controlling function of management. 5

प्रबंध के नियन्त्रण-कार्य की प्रक्रिया के चरणों को संक्षेप में समझाइए।

23. State any *five* features of mutual funds. 5

म्यूचुअल फंड की किन्हीं **पाँच** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

24. What is meant by consumer goods? Briefly describe the different types of consumer goods. 5

उपभोक्ता वस्तुओं का क्या अर्थ है? उपभोक्ता वस्तुओं के विभिन्न वर्गों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

25. It is a type of a large-scale retail shop where similar range of commodities at the same price are sold at different localities in a city or in different cities. These stores generally have a single brand name. Identify the type of retail stores and state any *four* benefits of these stores. 5

यह एक बड़े पैमाने के फुटकर दुकान का वह प्रकार है, जहाँ एक ही प्रकार के उत्पादों की एक ही मूल्य पर एक ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिक्री की जाती है। इन दुकानों पर अधिकांशत: एक ही ब्राण्ड नाम की वस्तुएँ होती हैं। फुटकर दुकानों के इस प्रकार को पहचानिए और इसके **चार** लाभों का उल्लेख कीजिए।

26. "It is the orderly arrangement of group efforts to provide unity of action for the attainment of a common purpose." Identify the concept and give the meaning of the concept so identified. Also explain its features. 6

''यह समान उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समूह के प्रयत्नों में एकरूपता लाने की एक क्रमबद्ध व्यवस्था है।'' अवधारणा की पहचान कीजिए और इस प्रकार पहचानी गई अवधारणा का अर्थ दीजिए। साथ ही इसकी विशेषताएँ भी समझाइए।

Or / अथवा

In every organization, there are certain levels of management with varying degree of authority and responsibility. Briefly explain these levels with the help of a diagram, stating the position and functions to be performed at each level. 6

प्रत्येक संगठन में प्रबंध के कुछ स्तर होते हैं, जिनके अलग-अलग दायित्व एवं अधिकार होते हैं। इन स्तरों को एक चित्र के द्वारा प्रत्येक स्तर के पदों तथा निष्पादित किए जाने वाले कार्यों का उल्लेख करते हुए संक्षेप में समझाइए।

27. According to Maslow, "An individual has many needs and their order can be determined". In the light of this statement, briefly explain 'Maslow's hierarchy of needs' and state its assumptions. 6

मैस्लो के अनुसार, ''एक व्यक्ति की बहुत-सी आवश्यकताएँ होती हैं और उनका क्रम निर्धारित किया जा सकता है।'' इस कथन के संदर्भ में 'मैस्लो की आवश्यकताओं की पदानुक्रम व्यवस्था' को संक्षेप में समझाइए तथा इसकी मान्यताओं का उल्लेख कीजिए।

Or / अथवा

"The selection procedure consists of a number of steps in logical order to identify the candidates who are to be finally appointed." Briefly explain these steps. 6

''चयन-प्रक्रिया में बहुत-से चरण तार्किक रूप से क्रमवार सम्मिलित होते हैं जिससे उन अभ्यर्थियों की पहचान की जा सकती है, जिनकी अन्तत: नियुक्ति होती हैं।'' इन चरणों को संक्षेप में समझाइए।

28. Many functions are being performed by an association whether incorporated or not, which is established for the purpose of assisting, regulating and controlling business of buying, selling and dealing in securities. Explain these functions briefly. 6

''एक ऐसे संघ द्वारा बहुत-से कार्यों का निष्पादन किया जाता है, जो निगमित हो या नहीं, किन्तु जिसकी स्थापना प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय या लेन-देन के उद्देश्य हेतु सहायता, नियमन व नियंत्रण के लिए की गई है।'' इन कार्यों को संक्षेप में समझाइए।

Or / अथवा

"While preparing a financial plan for any business unit, certain aspects should be kept in view so as to ensure the success of such exercise in meeting the organizational objectives." Briefly describe these aspects. 6

''एक व्यावसायिक उपक्रम के लिए वित्तीय योजना तैयार करते समय कुछ पहलुओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि तैयार की गई योजना व्यावसायिक संगठन के उद्देश्यों को पूर्ण करने में सफल हो।'' इन पहलुओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

29. "Different producers lay different emphases on different aspects of the concept of marketing. The marketing concept is characterized according to the philosophy of the producer." Briefly explain any *four* such concepts. 6

''विभिन्न उत्पादक विपणन अवधारणा के भिन्न-भिन्न पहलुओं को महत्त्व देते हैं। विपणन अवधारणा की विशेषता उत्पादक के दर्शन पर आधारित होती है।'' ऐसी किन्हीं **चार** अवधारणाओं को संक्षेप में समझाइए।

Or / अथवा

According to Philip Kotler, "Marketing mix is a set of controllable variables that the firm can use to influence buyer's response". Briefly explain these variables. 6

फिलिप कोटलर के अनुसार, ''विपणन मिश्र उन नियंत्रणीय परिवर्तनशील अवयवों का समूह है जिनका प्रयोग फर्म क्रेता की प्रतिक्रिया को प्रभावित करने के लिए करती है।'' इन अवयवों को संक्षेप में समझाइए।

30. "There are various ways and means of consumer protection followed in India because various arguments are given in favour of consumer protection." Explain any *four* such arguments. 6

''भारत में उपभोक्ता संरक्षण के विभिन्न उपाय एवं साधनों को अपनाया जाता है क्योंकि उपभोक्ता संरक्षण के पक्ष में विभिन्न तर्क दिए गए हैं।'' ऐसे किन्हीं **चार** तर्कों को समझाइए।

Or / अथवा

In internal trade, buyers and sellers meet together and transactions take place. But in external trade, it is not possible. The business people face various problems. Explain any *four* such problems. 6

आंतरिक व्यापार में क्रेता एवं विक्रेता एक-दूसरे से मिलते हैं और लेन-देन तय हो जाते हैं। लेकिन बाह्य व्यापार में यह संभव नहीं है। व्यवसायियों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसी किन्हीं **चार** समस्याओं का वर्णन कीजिए।

★ ★ ★